तहसील सदर में जनगणना के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शुरू

देवरिया। जनगणना के द्वितीय चरण को सुचारु और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के लिए तहसील सदर में प्रगणकों का गहन प्रशिक्षण कार्य सोमवार से शुरू हो गया है। कुल 13 बैचों में 650 प्रगणकों को तकनीकी और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) और सदर ब्लॉक मुख्यालय में विशेष प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए गए हैं। प्रशिक्षण प्रक्रिया के सुचारु संचालन को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) पंकज प्रकाश राठौर और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर अनिमेष वर्मा ने विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत जानी। अधिकारियों ने मास्टर ट्रेनरों द्वारा दी जा रही जानकारियों का जायजा

◆650 प्रगणक ले रहे ट्रेनिंग एडीएम और एसडीएम ने प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण कर परखीं व्यवस्थाएं

लिया और प्रगणकों को गंभीरता के साथ प्रत्येक बिंदु समझने के निर्देश दिए। तहसील सदर के सभी 13 केंद्रों पर प्रशिक्षण कार्य व्यवस्थित रूप से चलता मिला। इसी क्रम में बीआरसी रामपुर कारखाना में भी प्रशिक्षण सत्र सुचारु रूप से संचालित रहा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनगणना के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसलिए सभी प्रगणक पूरी सजगता के साथ दायित्वों का निर्वहन करें।

टीजीटी-पीजीटी भर्ती में एसटी आरक्षण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

देवरिया। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा जारी टीजीटी, पीजीटी व प्रधानाचार्य भर्ती में अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग को 2 प्रतिशत आरक्षण कोटा न दिए जाने पर आदिवासी समाज ने विरोध जताया है। सोमवार को भारतवर्षीय गोंड आदिवासी महासभा और भाजपा एसटी मोर्चा के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष मुंशी प्रसाद गोंड व प्रदेश संयोजक रामधनी गोंड के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। उन्होंने विज्ञापित पदों में एसटी वर्ग के लिए 2त्न संवैधानिक आरक्षण तत्काल शामिल करने की मांग की, ताकि वर्षों से तैयारी कर रहे युवाओं के साथ अन्याय न हो।

न्यायालय के आदेशनुसार क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्ष ने 1477 लीटर शराब को कराया नष्ट

भाटपाररानी (देवरिया)। पुलिस अधीक्षक देवरिया के द्वारा चलाए जा रहे हैं माल निस्तारण अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के निर्देशन में दिनांक 26 अक्टूबर को स्थानीय थाना पर माल निस्तारण के क्रम में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत बरामद अवैध शराब का विनष्टीकरण माश न्यायालय अपर सिविल जज कच्छ संख्या 26 के आदेश दिनांक 16 अक्टूबर 2026 के अनुपालन के क्रम में क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी मनोज कुमार तथा थानाध्यक्ष भाटपार रानी अभिषेक कुमार राय तथा कार्यालय लिपिक अभियोजन अधिकारी की उपस्थिति में कुल 115 अभियोगों से संबंधित 900 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब , 334 लीटर अवैध देशी शराब , तथा 243 लीटर अवैध कच्ची शराब कुल 1477 लीटर अवैध शराब का विनष्टिकरण नियमानुसार कराया गया।

दिवंगत खिलाड़ियों को दी श्रद्धांजलि और परिजनों को दिया चेक

सलेमपुर (देवरिया)। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुए भीषण हादसे में चार होनहार खिलाड़ीयों की असामायिक मृत्यु होने पर समाज वादी पार्टी ओर से रेशमा मैरेज हॉल बाई पास रोड़ लार में श्रद्धांजलि सभा एवं चेक वितरण कार्यक्रम रखा गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए रमाशंकर राजभर ने कहा मृत्यु खिलाडियों को इस दुनिया से चला जाना इस इलाके का ही नहीं बल्कि देश का नुक़सान हुआ है। कार्यक्रम के आयोजक मनबोध प्रसाद पूर्व विधायक ने मृत्यु खिलाडियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और अपने राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि अगर हमारी सरकार होती तो और ज्यादा मदद किया गया होता। मृत खिलाडियों के परिजनों

को मंच पर बुलाकर रमाशंकर राजभर सांसद, मनबोध प्रसाद, स्वामीनाथ यादव, ब्यास यादव के हाथों द्वारा चेक वितरित किया गया। अध्यक्षता हरेराम यादव ने की और संचालन मंजूर आलम सांसद मिडिया प्रभारी ने किया। कार्यक्रम में रमाशंकर राजभर, ब्यास यादव, स्वामीनाथ यादव, मनबोध प्रसाद, पूर्व विधायक ओ पी यादव, रामप्रकाश यादव , सुरज यादव , मंजूर आलम, उमेश यादव, पवन यादव, गोरख यादव, विजय यादव, टुन्नु वर्मा, पवन यादव, ब्लाक अध्यक्ष महफूज लारी, शाकीर, राजीत यादव , अशरफ अली, मान सिंह, पंकज श्रीवास्तव, रवि खरवार, मुकुल मणि, रवि यादव, चंद्रपाल यादव, विरेन्द्र यादव, धिरेनदर सिंह , सोमेश्वर तिवारी, वजुहल कमर सिद्दीकी, इमरान खान, हरे राम शर्मा , मोहित सर, ट्रेनर नागेंद्र पासवान, योगेश यादव, प्रभा भारती, सन्त लाल राज भर, चंद्रपाल यादव, बृजेश यादव आदि लोग उपस्थित थे।

सेवरही में डिवाइडर पर चढ़ी कार,बाल-बाल बचे सवार

सेवरही (कुशीनगर)। नगर पं. सेवरही के महाराणा प्रताप चौक के पास सोमवार को डिवाइडर पर कार चढ़ जाने से हादसा हो गया।कार सवारों को मामूली चोटें आईं, जबकि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।गनीमत रही कि दुर्घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। जानकारी के अनुसार,बिहार के आशंका बनी रहती है। लोगों का कहना है कि इस स्थान पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, जिनमें जान जाने की घटनाएं भी शामिल हैं। लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद डिवाइडर और मोड़ के पास पर्याप्त सुरक्षा इंतजामों की जरूरत महसूस की जा रही है।स्थानीय लोगों के बीच सवाल उठ रहा है कि आखिर बार-बार हादसे

◆महाराणा प्रताप चौक के पास मोड़ पर हादसा, कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त; डिवाइडर पर बार-बार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद सुरक्षा इंतजामों पर उठ रहे सवाल

नरकटियागंज क्षेत्र के अवरलिया पोस्ट निवासी प्रमोद शर्मा पुत्र तुलसी राम शर्मा अपने पिता को गोरखपुर से इलाज कराकर कार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान नगर पंचायत सेवरही के महाराणा प्रताप चौक के पास मोड़ पर उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।स्थानीय लोगों के अनुसार, सेवरही में डिवाइडर पर वाहन चढ़ने की घटनाएं आए दिन होती रहती हैं।महाराणा प्रताप चौक के पास मोड़ होने के कारण यहां दुर्घटना की होने के बाद भी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर डिवाइडर के आसपास पर्याप्त संकेतक, रिफ्लेक्टर, चेतावनी बोर्ड और अन्य सुरक्षा उपायों की आवश्यकता को सामने ला दिया है। समय रहते जरूरी इंतजाम नहीं किए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

दफ्तरों तक सीमित न रहें प्राविधिक सहायक, सीधे खेतों में जाकर किसानों से करें संवाद-सूर्य प्रताप शाही

देवरिया। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्राविधिक सहायक किसान और सरकार के बीच की सबसे अहम कड़ी हैं। वे केवल विभागीय दफ्तरों तक ही सीमित न रहें, बल्कि सीधे खेतों में पहुंचकर किसानों से जीवंत संवाद स्थापित करें। कृषि मंत्री सोमवार को कृषि प्रशिक्षण केंद्र, बैतालपुर में नवनियुक्त प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी के 10 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ पर प्रशिक्षुओं को संबोधित कर रहे थे। कृषि मंत्री ने प्रशिक्षुओं से संवाद के दौरान आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, मृदा परीक्षण और फसल बीमा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जोर दिया कि पीएम किसान सम्मान निधि, सॉयल हेल्थ कार्ड और कृषि अनुदान योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र किसान तक पहुंचना चाहिए। 12 लाख कुंतल बीज वितरण का लक्ष्य कृषि मंत्री ने जानकारी दी कि रबी सीजन में करीब 12 लाख कुंतल बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके तहत 10 लाख मिनी किट वितरित की जा चुकी हैं। किसानों को सुविधाएं ई-लॉटरी और ऑनलाइन पोर्टल

◆बैतालपुर में नवनियुक्त प्राविधिक सहायकों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू, कृषि मंत्री ने गिनाईं योजनाएं

के माध्यम से पारदर्शी ढंग से दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) घोषित कर दिया है। दलहन-तिलहन और मोटे अनाजों पर विशेष जोर श्री शाही ने कहा कि देश खाद्यान्न में आत्मनिर्भर हो चुका है, लेकिन दलहन और तिलहन का उत्पादन बढ़ाने के लिए अभी और प्रयास जरूरी हैं। इसके लिए प्रदेश के 40 जिलों में करीब 7 लाख हेक्टेयर में दलहन-तिलहन की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसमें गन्ने के साथ अंतरवर्तीय खेती भी शामिल है।

उन्होंने प्रशिक्षुओं से किसानों को जल संरक्षण और पोषणयुक्त मोटे अनाजों (श्रीअन्न) की खेती के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि परंपरागत बाढ़ सिंचाई पद्धति की जगह जल संरक्षण तकनीकों को बढ़ावा दें और रागी, मडुआ, ज्वार, बाजरा, जौ व कुटकी जैसी पोषण से भरपूर फसलों का रकबा बढ़ाने के लिए किसानों को जागरूक करें।

प्रमुख बहुजन संतों में शुमार हैं संत नामदेव-चंद्रभूषण सिंह यादव

देवरिया। रामपुर कारखाना के डुमरी स्थित सपा कार्यालय में संत नामदेव की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि 13वीं शताब्दी में जन्मे संत नामदेव दक्षिण भारत के प्रमुख बहुजन संत हैं, जिन्होंने तत्कालीन सामाजिक भेदभाव और कुरीतियों के विरुद्ध अनवरत संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब में संत नामदेव के 61 पदों और श्लोकों का शामिल होना उनके सार्वभौमिक विचारों का प्रमाण है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

गौरीबाजार चीनी मिल

14.73 करोड़ के बकाये को लेकर मजदूरों ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

देवरिया। गौरीबाजार चीनी मिल (कानपुर शुगर वर्क्स) के 750 मजदूरों के 14.73 करोड़ और 3,500 किसानों के 1.62 करोड़ रुपये के बकाये के भुगतान को लेकर समाजवादी मजदूर सभा ने मोर्चा खोल दिया है।

संगठन के जिलाध्यक्ष ऋषिकेश यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्य पाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद प्रशासन हीलाहवाली कर रहा है और उपश्रमायुक्त द्वारा जारी वसूली प्रमाण पत्र को लौटा दिया गया। साथ ही बिना नियमानुसार प्रक्रिया पूरी किए मिल की मशीनरी उखाड़ने और 1998 में शासन द्वारा कुर्क जमीन को 2011 में अवैध रूप से बेचे जाने की जांच की मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और बकाया भुगतान कराने के साथ ही खाली जमीन पर नया उद्योग स्थापित करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में समस जिलाध्यक्ष ऋषिकेश यादव, फारूक शेख, दीनानाथ, कुशवाहा, योगेन्द्र यादव, बेचूलाल चौधरी, अम्बिका यादव, प्रद्युम्न यादव, हाजी सिद्दीकी, वंदना पासवान (जिलाध्यक्ष, महिला सभा), वीरेंद्र यादव, कप्तान अली, मुक्तिनाथ यादव, अनिल यादव और शंकर यादव सहित कई मजदूर व किसान प्रतिनिधि शामिल रहे।

भव्य मंचन के साथ रामलीला महोत्सव का आगाज

देवरिया। श्री रामलीला समिति देवरिया के तत्वावधान में सोमवार को ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव का विधि-विधान व भव्य मंचन के साथ शुभारंभ हुआ। महोत्सव का उद्घाटन पैकौली कुटी के पवहारी महाराज श्री श्री 108 कौशलेन्द्र दास जी महाराज ने किया। इसके बाद सलेमपुर की प्रसिद्ध नाट्य संस्था 'सांस्कृतिक संगम' के कलाकारों ने ध्वनि और प्रकाश के अनूठे संयोजन से रामायण के विभिन्न प्रसंगों का सजीव मंचन कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। महोत्सव की शुरुआत गणेश वंदना और हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से हुई। इसके उपरांत कलाकारों ने श्रीराम

◆आज निकलेगी श्रीराम बारात
◆पैकौली कुटी के महंत ने किया शुभारम्भ, कलाकारों ने ध्वनि व प्रकाश के संयोजन से बांधा समां

जन्म, ताड़का वध, अहिल्या उद्धार और पावन गंगा अवतरण के प्रसंगों का अत्यंत मार्मिक व नयनाभिराम मंचन प्रस्तुत किया, जिसे देख दर्शक जय श्रीराम के जयकारे लगाने लगे। प्रथम दिन की लीला का समापन भव्य आरती के साथ हुआ। समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार बरनवाल, मंत्री निखिल कुमार सोनी और कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार मित्तल ने नगर वासियों से मंगलवार, 27 अक्टूबर को शहर में निकलने वाली भव्य 'श्रीराम बारात' में सपरिवार शामिल होने की भावपूर्ण अपील की। इस अवसर पर उपेंद्र शाही, अखिलेंद्र शाही, अंटू शाही (प्रबंधक, पैकौली कुटी), अनिल मिश्रा, रवि प्रकाश मिश्रा, हीरालाल वर्मा, अमन अग्रवाल, डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, राजेंद्र जायसवाल, कपिल सोनी, पुरुषोत्तम मरोदिया, अखिलेश जायसवाल, अटल बरनवाल, रवींद्र प्रताप मल्ल और विजय भागवानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

महर्षि वाल्मीकि जयंती: भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया माल्यार्पण

देवरिया। जिला भाजपा कार्यालय (औरा-चौरी) में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सादगी से समारोह आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि रचित रामायण समाज को मर्यादा, सत्य, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्श जीवन की प्रेरणा देती है। जिला महामंत्री कृष्णनाथ राय

◆आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

और जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह ने उनके जीवन दर्शन को सामाजिक समरसता और भाईचारे की मिसाल बताया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने महापुरुष के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

आगामी चुनाव को देखते हुए पूरे प्रदेश में परिवर्तन की लहर चल रही है-डा.विवेक सिंह पटेल

पथरदेवा (देवरिया)। सपा जिला उपाध्यक्ष विवेक सिंह पटेल आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सपा के सम्भावित प्रत्याशी है। श्री पटेल ने क्षेत्र में भ्रमण किया तो पी.डी.ए.के जन सैलाब में श्री पटेल का जोरदार का स्वागत किया। इस अवसर पर डा.विवेक सिंह पटेल ने कहा कि आगामी चुनाव को देखते हुए पूरे प्रदेश में परिवर्तन का लहर चल रहा है। डा.विवेक सिंह पटेल ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार मिशन 2027 को सहकार करने हेतु सामाजिक न्याय और अधिकार की बुलन्द आवाज लेकर पी.डी.ए.संकल्प यादव का ऐतिहासिक आयोजन भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ डा. विवेक सिंह पटेल के नेतत्व में निकली जन संकल्प यात्रा में पी. डी.ए.पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक समाज एवं क्षेत्रीय नागरिक डा. विवेक सिंह पटेल के स्वागम में उमड़ पड़े सभी जगह उन्हें अभूत पूर्व जनसमर्थन मिला। डा.विवेक सिंह पटेल के अनुसार जन संकल्प यात्रा के दौरान रामपुर गौनरिया, अमारी, हरैया, लीलापुर, महुआ डीह, बलटीकरा, सेखौना, पाण्डे यजक, बलियवा, परसिया मल्ल क्षेत्र में भ्रमण हुआ। जिसमें ऋषिकेश पटेल, संतोष सिंह, दयानन्द पटेल, अरविन्द सिंह, अरूण सिंह, जय प्रकाश सिंह, प्रदीप कुमार,राधेश्याम यादव, गुलशन कुमार, महेश सिंह, न्यूटन यादव, प्रभात यादव, नीरज यादव, सत्यपाल यादव, रामध्यान सिंह, राजवंशी प्रजापति, अमरजीत सिंह, विनोद सिंह, मिथिलेश सिंह, रंजीत कन्नौजिया, राजन यादव, प्रियांशु सिंह,गुलाब सिंह,प्रमोद पटेल, वेद व्यास सिंह, अशोक सिंह, पप्पू सिंह पटेल,खुशहाल प्रजापति, रमेश शर्मा,सुमन्त सिंह, सुनील मल्ल, नन्द किशोर पटेल, बबलू गौड़,अमिताभ सिंह, सन्नी गौड़, रंजीत यादव, रमाशंकर राजभर, भागवत यादव, रोहन मल्ल, गुलाम हुसैन, कर्मवीर मल्ल, रामप्रवेश मद्धेशिया, अभिषेक मद्धेशिया, व्यास मल्ल,सुभाष मल्ल के अतिरिक्त क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही। डा.विवेक सिंह पटेल के अनुसार सभी चौराहों पर सम्बोधित किया गया जिसमें क्षेत्रीय जनता की सहयोग सराहनीय रहा।

महर्षि वाल्मीकि जयंती: देवरही मंदिर में 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ शुरू

देवरिया। आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की पावन जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को ऐतिहासिक देवरही मंदिर परिसर में 24 घंटे के अखंड रामायण पाठ का विधिवत शुभारंभ हुआ। जिला प्रशासन और जिला

◆सीडीओ ने चित्र पर माल्यार्पण कर किया नमन, वाल्मीकि समाज के लोगों को भेंट की गई रामायण की प्रतियां

पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) राजेश कुमार सिंह ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। अनुष्ठान के तहत विनोद कुमार त्रिपाठी की कलाकार मंडली द्वारा अनवरत रामायण पाठ किया जा रहा है। वहीं, सुनील कुमार मिश्र की टीम द्वारा प्रस्तुत मनोहारी भजनों और भक्ति संगीत के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पूरा मंदिर प्रांगण भक्ति रस में सराबोर हो उठा। कार्यक्रम के दौरान वाल्मीकि समुदाय के लोगों को ससम्मान रामायण की पुस्तकें वितरित की गईं। इस अवसर पर सीडीओ ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की आदर्श संहिता है। इसका उद्देश्य उनके उच्च आदर्शों, नैतिक मूल्यों और समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है, ताकि समाज उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित हो सके। भजन-कीर्तन और रामकथा के प्रवाह से देर शाम तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही।

महर्षि वाल्मीकि व गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया नमन

देवरिया। जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल **रोशन** के नेतृत्व में आदिकवि महर्षि वाल्मीकि और अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने दोनों विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के जरिए सत्य और मर्यादा का मार्ग दिखाया, वहीं विद्यार्थी जी ने निर्भीक पत्रकारिता से आजादी की अलख जगाई। दोनों महापुरुषों के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नेतृत्व ने मुझे प्रत्याशी घोषित किया तो कार्यकर्ताओं के बल पर चुनाव जीतूंगा-परवेज आलम

पथरदेवा (देवरिया)। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा में सपा के सम्भावित प्रत्याशियों में क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम को लेकर होड़ मचा हुआ है। तीन सम्भावित प्रत्याशियों में दो युवा प्रत्याशी है जिनके द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कार्यक्रम जोरों पर चल रहा है। विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के पूर्व प्रत्याशी परवेज आलम के समर्थक बालपुर श्रीनगर चौराहे पर एकत्र होने लगे और लगभग दो बजे परवेज आलम का आगमन होते ही उनके समर्थक एवं सपा कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण करने का कार्यक्रम तेजी के साथ चला। इस अवसर पर सपा के सम्भावित उम्मीदवार परवेज आलम ने कहा कि हम आप सभी के आगमन पर आभार प्रकट करता हॅू। उन्होंने कहा कि नेतृत्व मुझे प्रत्याशी घोषित किया तो कार्यकर्ताओं के बल पर चुनाव जीतूगा। परवेज आलम का काफिला बालपुर श्रीनगर से जब तरकुलवा पहुंचा तो व्यापारियों ने भारी भीड़ के साथ स्वागत किया

साथ ही तरकुलवा के दूबे टोला,बेलही चौराहा के साथ ही जब उनका काफिला बंजरिया बाजार पहुंचा तो भाजपा के गढ़ में परवेज आलम का जोरदार स्वागत हुआ। परवेज आलम के क्षेत्र भ्रमण के दौरान सपा के वरिष्ठ नेता डा.मुहम्मद इस्लाम, रामअधार यादव, दीर्घराज चौरसिया, शिवा जी राव, अशोक शर्मा, सिकन्दर अली, विनोद जाण, सुरेश यादव, नजमुद्दीन अंसारी,शहाबुद्दीन खान, शहाबुद्दीन सिद्दीकी, राज निवास पटेल, रामानन्द यादव, हरेन्द्र यादव, ईशा अंसारी, अदालत कुशवाहा, महन्थ यादव, रामध्यान यादव, सिराजुद्दीन खान, नियाज अहमद,सुबाष यादव, अछैबर यादव, ओम प्रकाश गुप्ता, राजा सिंह, अब्दुल जब्बार सिद्दीकी, मेराज अंसारी, आजाद अंसारी, अशोक यादव, बाबूचन्द यादव, रामप्रवेश सिंह, मुहम्मद फत्तेत, रामदरश सिंह, मुहम्मद शफीक अहमद खान। परवेज आलम का स्वागत क्षेत्र भ्रमण के दौरान सभी चौराहों पर जोरदार तरीके से सपा कार्यकर्ताओं के साथ ही क्षेत्रीय जनता ने स्वागत किया।